>

Title: Regarding dilapidated condition of National Highway No. 86 linking Bhopal-Raisen-Sanchi-Sagar and Kanpur.

श्री भूपेन्द्र सिंह (सागर): सभापति महोदया, मध्य प्रदेश से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति बहुत खराब है। म.प्र. से जितने भी राष्ट्रीय राजमार्ग निकलते हैं, सभी राजमार्ग जिस स्थिति में हैं, उसमें वाहन चलाना कठिन है। मेरे क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 86 और 26 इन दोनों की स्थिति खराब हैं और वाहन उन पर नहीं जा सकते हैं। इस संबंध में पिछली बार नवम्बर माह में जब यह विषय लोक सभा में आया था तब तत्कालीन मंत्री कमलनाथ जी ने कहा था कि हम दो माह के अंदर यह सारा मेंटीनेंस का काम कर देंगे। सभापति जी, आप भी वहां उस मीटिंग में थी जो मध्य प्रदेश के सांसदों के साथ बैठक हुई थी। उस समय इस बात के लिए आश्वस्त किया गया था कि राष्ट्रीय राजमार्गों की मरम्मत का काम किया जाएगा। पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्गों का काम राज्य सरकारें करती थीं। भारत सरकार में कमलनाथ जी के मंत्री बनने के बाद यह काम मंत्रालय ने अपने अधीन ले लिया और तब से लेकर आज तक म.प्र. में पूरी तरह से मरम्मत का काम और मेंटीनेंस का काम बंद है। सरकार ने यहां तक कहा कि अगर भारत सरकार मार्गों की मरम्मत का काम नहीं कर सकती तो इन राष्ट्रीय राजमार्गों को डीनोटिफाइ कर दीजिए और राज्य सरकार उन मार्गों को बनाने के लिए तैयार है। न तो भारत सरकार उसके लिए डीनोटिफाइ कर रही है और न राष्ट्रीय राजमार्गों का मरम्मत का काम कर रही है। इसलिए मैं आपके माध्यम से निवेदन करता हूं कि जो हमारा राष्ट्रीय राजमार्ग 86 और 26 हैं, उनकी मरम्मत का काम तत्काल प्रारम्भ कराया जाए।